हो। निगम हेरिटेज व मोटर गैराज में शहर की तंग गलियों में सीवर

विरोध शुरू कर दिया।

कर्मचारियों का कहना है कि

# डिजिटल यूनिवर्सिटी के लिए 390 करोड़ का बजट स्वीकृत

**जयपुर** | राजस्थान डिजिटल यूनिवर्सिटी के साथ तकनीक और डिजिटल युग के क्षेत्र में एक ओर कदम बढाने जा रहा है। डिजिटल यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 390 करोड़ रूपए का बजट भी सेंक्शन कर दिया है। राज्य सरकार ने बजट में जोधपुर में फिनटेक डिजिटल यूनिवर्सिटी खोलने की घोषणा की थी। यह शुरू होने से जोधपुर को शिक्षा का डिजिटल पावर हाउस और डिजिटल एक्टिविटी का ग्लोबल हब विकसित करने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार डिजिटल यूनिवर्सिटी के भवन के लिए जोधपुर में मंडोर रोड पर जमीन अलॉट की जाएगी। अभी जमीन अलॉटमेंट की प्रपोजल फाइल सरकार को भेजी गई है। गौरतलब है कि जोधपुर में राष्ट्रीय विधि विवि,आईआईटी, पुलिस यूनिवर्सिटी, आयुर्वेद यूनिवर्सिटी जोधपुर भी हैं।

## प्राइवेट सेक्टर्स के साथ लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के कोर्स होंगे

सरकार ने बजट में जोधपुर में 400 करोड़ रूपए की लागत से फिनटेक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की थी। जिसमें स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड आईटी, फाइनेंस एंड अकाउंटिंग, डाटा एनालिसिस व एनालिटिकल मैथेमेटिक्स जैसे केन्द्रों की स्थापना की जाएगी। इसके तहत प्राइवेट सेक्टर के कॉलेब्रेशन से विभिन्न लेटेस्ट टेक्नोलॉजी आधारित कोर्स उपलब्ध करवाए जाएंगे।

इसके साथ ही जयपुर में 200 करोड़ रूपए की लागत से राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड लर्निंग की डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापना करने की घोषणा की थी। जनवरी से आर- कैट की शुरूआत होने वाली है। जिसमें बीई/ एमसीए/ एमबीए/ ग्रेजुएट्स को सर्टिफिकेट ट्रेनिंग कोर्स करने का मौका मिलेगा। इसमें भी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन, वर्चुअल रियलिटी, रोबोटिक्स, क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसे 1- 6 महीने के कोर्स होंगे।

*डिजिटल यूनिवर्सिटी इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके लिए बजट सेंक्शन हो गया है। फिलहाल मंडोर रोड़ पर यूनिवर्सिटी के भवन निर्माण के लिए जमीन अलॉट करने की कवायद चल रही है।*

**-संदेश नायक,** कमिश्नर, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग

# आईपीएस किशन सहाय ने कहा-